कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
Email ID- ceo_uttaranchal@eci.gov.in
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724, 2712014

संख्या– 1860 /XXV– 12(P-4) / 2008 देहरादून : दिनांक 20 दिसम्बर , 2014

सेवा में,

सचिव,
मा0 उत्तराखण्ड सूचना आयोग,
सूचना का अधिकार भवन
मसूरी बाईपास, रिंग रोड़, लाडपुर
देहरादून।

विषयः– मा0 सूचना आयोग में अपील संख्या–A (HR)-16169 / 2014 पर सुनवाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–14439 दिनांक 05 दिसम्बर, 2014 के साथ प्राप्त अपील संख्या– A (HR)-16169 / 2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त अपील पर दिनांक 03 दिसम्बर, 2014 को सुनवाई के दौरान मा0 मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में निवेदन करते हुए अवगत कराना है कि, माह जून एवं जुलाई, 2014 में उत्तराखण्ड राज्य की डोईवाला, धारचूला एवं सोमेश्वर (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों से विधान सभा के लिए उप निर्वाचन से संबंधित कार्य सम्पादित हो रहे थे। निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों की अधिकता में व्यस्तता के कारण आवेदक श्री भगवती प्रसाद गोयल, वरिष्ठ पत्रकार, द्वारा–विजयकुमार शिवनिवास कॉलौनी हरिद्वार के सूचना अधिकार सम्बन्धी प्रार्थना पत्र दिनांक 16.04.2014 को न तो सूचना अधिकार के अन्तर्गत हस्तांतरित किया जा सका और न ही वांछित सूचनाएं उपलब्ध कराई जा सकी।

2– उक्त संदर्भ में निवेदन करते हुए यह भी अवगत कराना है कि, श्री गोयल द्वारा अपना शिकायती पत्र दिनांक 27 जनवरी, 2014 जिसे उनके द्वारा व्यक्तिगत रूप से अन्य संलग्नकों सहित माह जून में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था, को कार्यालय पत्र संख्या–1274 दिनांक 20 जून, 2014 के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, हरिद्वार को प्रेषित किया गया । त्रुटिवश इसी संदर्भित पत्र के साथ श्री भगवती प्रसाद गोयल, का सूचना अधिकार सम्बन्धी प्रार्थना पत्र भी संलग्न कर जिला निर्वाचन अधिकारी हरिद्वार को प्रेषित किया गया, जिसकी पुष्टि दिनांक 03 दिसम्बर, 2014 को मा. आयोग में उक्त अपील पर सुनवाई के दौरान उपस्थित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी की गई कि इस कार्यालय के उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 20 जून, 2014 के साथ ही श्री गोयल का सूचना अधिकारी सम्बन्धी प्रार्थना पत्र दिनांक 16 जून, 2014 भी उन्हें प्राप्त हुआ जिसके क्रम में उनके द्वारा आवेदक को सूचना भी उपलब्ध कराई गई। महोदय सूचना अधिकार सम्बन्धी उक्त प्रार्थना पत्र त्रुटिवश ही उक्त संदर्भित पत्र के साथ संलग्न हो गया इसे जानबूझकर या किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध न कराए जाने के उद्देश्य से नहीं किया गया।

अतः उक्तानुसार स्पष्टीकरण मा0 सूचना आयोग की सेवामें सादर प्रस्तुत है।

भवदीय

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी
कृते मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

D:\Revision of Roll\Revision of PER@1-1-2015\officepad

**कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड**
**4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001**
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1859 /XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 20 दिसम्बर, 2014

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
समस्त जिला निर्वाचन कार्यालय,
उत्तराखण्ड।

विषयः– **सूचना के अधिकार के अन्तर्गत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–2 के पत्र संख्या 472 दिनांक 17 दिसम्बर, 2014 के साथ प्राप्त श्री पी0एन0 श्रीवास्तव 'अकेला', अध्यक्ष, पी0डब्लू0डी0 संघर्ष समिति, जनपद आजमगढ़, उ0प्र0 के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 08 दिसम्बर, 2014 के आवेदन पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत बिन्दु संख्या 03 में सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,
**(मस्तू दास)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 1859/XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।**
प्रतिलिपिः– श्री पी0एन0 श्रीवास्तव 'अकेला', अध्यक्ष, पी0डब्लू0डी0 संघर्श समिति, जनपद आजमगढ़, उ0प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित।

**(मस्तू दास)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

सूचना का
अधिकार

उत्तराखण्ड शासन
मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–2
सं0 / 472 / XXXV-2 / लो0सू0अ0 / 2014
देहरादून : दिनांक 17 दिसम्बर, 2014

लोक सूचना अधिकारी,
निर्वाचन विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक श्री पी0एन0 श्रीवास्तव 'अकेला', अध्यक्ष, पी0डब्लू0डी0 संघर्ष समिति, जनपद–आजमगढ़ (उ0प्र0) 27600 का पत्र दिनांक 08.12.2014 एवं उससे संलग्न ₹ 5/ एवं 5/– के दो पोस्टल ऑर्डर संख्या–70सी 298868 एवं , 70सी 298869 जो कि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16.12.2014 को प्राप्त हुआ है, की छायाप्रति आपको सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) की व्यवस्थानुसार इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना का बिन्दु संख्या–03 आपके विभाग से संबंधित है। कृपया अनुरोधकर्ता को वांछित सूचना अपने स्तर से नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की प्रतिलिपि अनुरोधकर्ता को भी भेजी जा रही है।

संलग्न–यथोक्त।

(गिरीश चन्द्र जोशी)
अनु सचिव / लोक सूचना अधिकारी।

यू0ओ0सं0 / 472 / XXXV-2 / लो0सू0अ0 / 2014 तद्दिनांक
पंजीकृत डाकः–

प्रतिलिपिः–1. श्री पी0एन0 श्रीवास्तव 'अकेला', अध्यक्ष, पी0डब्लू0डी0 संघर्ष समिति, जनपद–आजमगढ़ (उ0प्र0) 27600 को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि आपके द्वारा मांगी गयी सूचना इस लोक प्राधिकारी के कार्यालय में धारित नहीं है। सूचना का बिन्दु संख्या–03 निर्वाचन विभाग, उत्तराखण्ड शासन सम्बन्धित प्रतीत होता है तथा बिन्दु संख्या–01 एवं 02 जिलाधिकारी कार्यालय, देहरादून से सम्बन्धित है। अतः बिन्दु संख्या– 03 की सूचना उपलब्ध कराने हेतु आपका अनुरोध पत्र उपरोक्तानुसार लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को अधिनियम की धारा 6(3) के अन्तर्गत अंतरित किया जा रहा है। तथा बिन्दु संख्या–01 एवं 02 की सूचना कार्यालय जिलाधिकारी, देहरादून में पृथक से आवेदन करके प्राप्त कर सकते है।

उपरोक्त संबंधित लोक सूचना अधिकारी से यदि आपको सूचना प्राप्त नहीं होती हैं, अथवा उनके द्वारा दी गई सूचना से सन्तुष्ट न हों, तो कृपया संबंधित कार्यालय के विभागीय अपीलीय अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत कर सकते है।

2. केन्द्रीकृत सहायक लोक सूचना अधिकारी, सचिवालय प्रशासन को ₹ 5/– एवं 5/– के दो पोस्टल ऑर्डर संख्या–70सी 298868 एवं 70सी 298869 मूलरूप में संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित की कृपया उक्त धनराशि राजकीय कोष में जमा कर प्राप्ति रसीद पत्रवाहक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(गिरीश चन्द्र जोशी)
अनु सचिव / लोक सूचना अधिकारी।

संख्या: 472/लो० सू० अ०/2014

*जीना है तो लड़ना सीखो, कदम पर मरना सीखो–नेताजी सुभाष चन्द्र बोस*

॥ संघे शक्ति कलियुगे ॥

# पी.डब्लू.डी. कर्मचारी संघर्ष समिति, आजमगढ़

(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त–उ0प्र0 राज्य कर्मचारी शिक्षक महासंघ, लखनऊ–श्री अजय सिंह प्रांतीय अध्यक्ष गुट व च0श्रे0 राज्य कर्मचारी महासंघ से सम्बद्ध)


**पी.एन. श्रीवास्तव 'अकेला'**
(अध्यक्ष, पी.डब्लू.डी. कर्मचारी
संघर्ष समिति, आजमगढ़ (उ०प्र०)

संरक्षक–
**श्री रामजनम प्रसाद रावत**
(अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ)
आजमगढ़


पत्रांक : ..............

जनसूचना/रजिस्टर्ड-पत्र
पत्रांक-380/ R.T.I.
दि० - 8/12/014

सेवा में,
जनसूचनाधिकारी
मा० मुख्यमंत्री कार्यालय
देहरादून (उत्तराखंड)

महोदय,
कृपया आवेदक को जनसूचना अधिकार अधिनियम 05 के नियमानुसार अधिकतम 30 दिनों के भीतर निम्न सूचनाएं उपलब्ध कराने की कृपा करें।

सूचना जो आवेदक चाहता है–

(1) माह 11/004 देहरादून में सम्पन्न किन्नरों के सम्मेलन के आयोजक के पत्र-व्यवहार का पता क्या है?

(2) माह 11/004 देहरादून में सम्पन्न किन्नरों के सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड ने किन-किन किन्नरों को शाल देकर सम्मानित किया? सम्मानित किये गये किन्नरों (अन्य) के नाम व पत्र-व्यवहार का पता क्या है?

(3) वर्ष 012 में उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में किन्नर (अन्य) प्रत्याशियों के नाम व पत्र-व्यवहार का पता से अवगत कराया जाय।

आवेदक–

पी० एन० श्रीवास्तव "अकेला"
अध्यक्ष - पी० डब्लू० डी०
कर्मचारी संघर्ष समिति -
जनपद - आजमगढ़ (उ०प्र०)
Pin - 276001.

संलग्न - भारतीय पोस्टल आर्डर -
(1) 70C-298868 - 5/-
(2) 70C-298869 - 5/-

SO-2

16.12.14
(... चन्द्र जोशी)
लोक सूचना अधिकारी / अनुसचिव,
मुख्यमंत्री कार्यालय, उत्तराखण्ड शासन।

पाँच रुपये पाँच टाका પાંચ રૂપિયા ಐದು ರೂಪಾಯಿ അഞ്ചു രൂപ പാഞ്ച് रुपये பாஞ்சு ரூபாய் ఐదు రూపాయలు पञ्च रूप्यकाणि

अपरक्राम्य
NOT NEGOTIABLE

# भारतीय पोस्टल आर्डर
# INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO ................ को

पांच रुपए की रक़म THE SUM OF RUPEES FIVE ONLY

कमीशन COMMISSION पैसे 50 PAISE

रुपए 5.00 Rs.

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE

AT THE POST OFFICE AT

देहरादून

के डाकघर में अदा करें।

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

इस लाइन के नीचे मत लिखिए DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

सत्यमेव जयते

70C 298869

NON-NEGOTIABLE

# भारतीय पोस्टल आर्डर
# INDIAN POSTAL ORDER

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO जन सूचना अधिकारी माध्यमिक शिक्षा कार्यालय देहरादून (उत्तरांचल) को

पांच रुपए की रक़म THE SUM OF RUPEES FIVE ONLY

रुपए 5.00 Rs.

कमीशन COMMISSION पैसे 50 PAISE

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE.

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

AT THE POST OFFICE AT

देहरादून

के डाकघर में अदा करें।

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

इस लाइन के नीचे मत लिखिए DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

70C 298868

**कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड**
**4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001**

फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1858 /XXV–12 /2008 (P–3) देहरादून : दिनांक 20 दिसम्बर, 2014

speed-post

सेवा में,

श्री हर्ष रतूड़ी,
130/77 कालीदास मार्ग,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 सूचना आयोग में अपील संख्या A(D).16123 /2014 पर दिनांक 19 दिसम्बर, 2014 को सुनवाई के दौरान मा0 आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में अपने सूचना अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित आवेदन पत्र दिनांक 07 अगस्त, 2014 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम सें सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के माध्यम से वांछित बिन्दु संख्या 01 में चाही गयी सूचना के संबंध में अवगत कराना है कि आपके शिकायती पत्र दिनांक 16 जुलाई, 2014 को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1515 दिनांक 05 अगस्त, 2014 के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, हरिद्वार/देहरादून/पौड़ी गढ़वाल को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया था, जिसकी प्रतिलिपि संलग्न प्रेषित है।

यदि आप उपरोक्त उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते हैंः–

**विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं**
**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,**
**04–सुभाष रोड़,सचिवालय परिसर, देहरादून।**

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

**(मस्तू दास)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 1858/XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपिः– .1. सचिव, उत्तराखण्ड सूचना आयोग, सूचना का अधिकार भवन, मसूरी बाईपास, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून को अपील संख्या A(D).16123 /2014 की सुनवाई दिनांक 19 दिसम्बर, 2014 में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में सूचनार्थ प्रेषित।

2. जिला निर्वाचन अधिकारी, हरिद्वार/देहरादून/पौड़ी गढ़वाल को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1515 दिनांक 05 अगस्त, 2014 के क्रम में सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि उक्त पर की गई कार्यवाही से तत्काल शिकायतकर्ता एवं मु0नि0अ0 कार्या0 को अवगत कराने का कष्ट करें।

**(मस्तू दास)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी